# कार्यालय जनपद न्यायाधीश, औरैया

**प्रकीर्ण आदेश संख्या– 71 /2025 दिनांक– अप्रैल 18 ,2025**

## आदेश

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्रांक 7356/Main(P)/Admin(A-3)/Allahabad दिनांकित 31-05-2019 के अनुक्रम में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, औरैया द्वारा प्रेषित प्रस्ताव दिनांकित 15-04-2025 एवं सिविल बार एसोसियेशन बिधूना, औरैया द्वारा प्रेषित प्रस्ताव दिनांकित 18-04-2025 के अनुसार माह मई व जून 2025 में न्यायालय/कार्यालय का कार्यविधि प्रातः 07:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक कर दिया जाए।

अतएव माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्रांक 7356/Main(P)/Admin(A-3)/Allahabad दिनांकित 31-05-2019 के अनुपालन में जनपद न्यायालय, औरैया माह मई व जून 2025 में प्रातःकालीन कार्यालय का समय पूर्वान्ह 06:30 बजे से अपरान्ह 01:30 बजे तक तथा न्यायालय का समय पूर्वान्ह 07:00 से अपराह्न 01:00 बजे तक तथा लंच का समय सुबह 10:30 बजे से 11:00 बजे का होगा।

उक्त आदेश की सूचना माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद को दी जाए तथा जनपद न्यायालय, औरैया की वेबसाइट पर अपलोड की जाए एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाए।

समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाए।

(संजय कुमार-VII)
जनपद न्यायाधीश,
औरैया। 18/04/25

संख्याः

दिनांकः अप्रैल ,2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1– समस्त न्यायिक अधिकारीगण मुख्यालय एवं वाह्य न्यायालय बिधूना औरैया।
2– प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, औरैया।
3– पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण, औरैया।
4– अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत, औरैया।
5– सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, औरैया को इस आशय से प्रेषित की इसका प्रकाशन समाचार पत्रों में कराना सुनिश्चित करें।
6– अध्यक्ष/सचिव, समस्त बार संघ, जनपद औरैया।
7– जिलाधिकारी, औरैया।
8– पुलिस अधीक्षक, औरैया ।
9– अधीक्षक, जिला कारागार, औरैया।
10– मुख्य चिकित्साधिकारी, औरैया।
11– ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, औरैया।
12– समस्त जिला शासकीय अधिवक्ता दीवानी/फौजदारी/सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता दीवानी/फौजदारी, जनपद औरैया।
13– केन्द्रीय नाजिर को इस निर्देश के साथ कि आदेश की एक प्रति न्यायालय के सूचना पट्ट पर चस्पा करवाना सुनिश्चित करे।
14– सिस्टम अधिकारी, कम्प्यूटर, जनपद न्यायालय, औरैया को न्यायालय की बेवसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
15– समस्त कार्यालय जनपद न्यायालय, औरैया।

(संजय कुमार-VII)
जनपद न्यायाधीश,
औरैया। 18/04/25